# जरा तू घूम के खाटू आ एक बार तो फागण मेले में लिरिक्स

छोड़ दिखावे दुनिया के तू,
मत पड़ना झमेले में,
जरा तू घूम के खाटू आ,
एक बार तो फागण मेले में।bd।

---

वो ऐसा दरबार है,
एक बार पहुँच जो जाता है,
छोड़ के सारी दुनिया दारी,
बाबा का हो जाता है,
सुनकर वहाँ की चर्चा सारी,
सोचेगा तू अकेले में,
ज़रा तू घूम के खाटू आ,
एक बार तो फागण मेले में।bd।

---

रिंगस से खाटू नगरी तक,
ऐसा गज़ब नज़ारा है,
भक्तों के ख़ातिर बाबा ने,
स्वर्ग को यहाँ उतारा है,
जन्नत जैसी ख़ुशी मिलेगी,
बाबा के उस रेले में,
ज़रा तू घूम के खाटू आ,
एक बार तो फागण मेले में।bd।

---

किस्मत वाले होते है जो,
खाटू नगरी जाते हैं,
बन्द पड़े किस्मत के ताले,
बाबा से खुलवाते हैं,
जिसको देखो ‘रमन’ रंगा है,
कोई नीले कोई पीले में,
ज़रा तू घूम के खाटू आ,
एक बार तो फागण मेले में।bd।

---

छोड़ दिखावे दुनिया के तू,
मत पड़ना झमेले में,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जरा तू घूम के खाटू आ,
एक बार तो फागण मेले में।bd।

गायक / प्रेषक – रमन गुप्ता।
**9451917689**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com